बरेली, शुक्रवार
18 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण

# दैनिक जागरण

**PAGE NO : I TOP**

**मुकाबला :** एसआरएमएस में क्रिकेट मुकाबला सुबह आठ बजे।

**PAGE NO : IV BOTTOM**

# एसआर इंटरनेशनल और नेशनल पब्लिक स्कूल सेमीफाइनल में

- पहले क्वार्टर फाइनल में एसआर इंटरनेशनल ने जीआरएम को 48 रन से पराजित किया
- दूसरे क्वार्टर फाइनल में नेशनल स्कूल ने 21 रन से मुकुंद इंटरनेशनल पर दर्ज की जीत




नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रियांशु को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि •

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दो क्वार्टर फाइनल खेले गए। पहले क्वार्टर फाइनल में एसआर इंटरनेशनल ने जीआरएम को 48 रन से व दूसरे में नेशनल पब्लिक स्कूल ने 21 रन से मुकुंद इंटरनेशनल को हराया। शुक्रवार को पहला सेमीफाइनल बासुबरल सरस्वती और एसआर इंटरनेशनल के बीच और दूसरा विद्या वर्ल्ड की टीम व नेशनल पब्लिक स्कूल के बीच होगा।

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए पहले क्वार्टर फाइनल में एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। प्रतीक पाल के 31 रन और कप्तान शुभ गंगवार के 32 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 121 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीआरएम की पूरी टीम 15.5 ओवर में 73 रन पर ढेर हो गई। मृदुल रावत ने सर्वाधिक 16 रन बनाए। एसआर इंटरनेशनल ने यह मैच 48 रन से जीतकर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया। चार विकेट लेने वाले एसआर इंटरनेशनल के पार्थ को मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल के कप्तान अरुण यादव ने टास जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। नेशनल पब्लिक स्कूल ने निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 90 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुकुंद इंटरनेशनल की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में 69 रन पर ही सिमट गई। 21 रन से मैच जीतकर नेशनल पब्लिक स्कूल ने सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया। तीन विकेट लेने वाले नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रियांशु को मैन आफ द मैच चुना गया।

## टूर्नामेंट में आज

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को टूर्नामेंट का पहला और दूसरा सेमीफाइनल मैच होगा। पहला सेमीफाइनल सुबह आठ बजे बासुबरल सरस्वती और एसआर इंटरनेशनल के बीच और दूसरा सेमीफाइनल मैच नौ बजे से विद्या वर्ल्ड और नेशनल पब्लिक स्कूल के बीच खेला जाएगा।